प्रेस नोट

जनपद भदोही

दिनांक- 29.10.2026

◆ ”आपरेशन क्लीन-2” के तहत दिनांक 30.10.2026 को जनपद के विभिन्न थानों (गोपीगंज-43, ज्ञानपुर-18, ऊंज-04 तथा चौरी-03) पर मुक़दमों/एमवी एक्ट/लावारिस में दाखिल कुल 68 वाहनों की होगी नीलामी

◆ नीलामी नवधन यार्ड थाना ऊंज, जनपद भदोही में दिनांक 30.10.2026 को की जाएगी आयोजित

◆ रजिस्टर्ड फर्म और जीएसटी (GST) नंबर धारक ही निर्धारित टोकन मनी जमा करके कर सकेंगे प्रतिभाग

श्रीमान् पुलिस महानिदेशक लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे “आपरेशन क्लीन-2” विशेष अभियान के तहत, श्री अभिनव त्यागी पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक भदोही श्री शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में जनपद में दिनांक 30.10.2026 को विभिन्न थानों (थाना गोपीगंज-43, ज्ञानपुर-18, ऊंज-04 तथा चौरी-03) पर मुक़दमों, एमवी एक्ट और लावारिस में दाखिल कुल 68 वाहनों की नीलामी करायी जानी है। यह नीलामी स्थान नवधन यार्ड, थाना ऊंज, जनपद भदोही में संपन्न करायी जायेगी, जिसके लिए नीलामी की तिथि दिनांक 30.10.2026 समय प्रातः 10 बजे नियत की गयी है। इस नीलामी में केवल वही इच्छुक बोलीदाता प्रतिभाग कर सकते हैं जिनके पास रजिस्टर्ड फर्म का जीएसटी (GST) नंबर उपलब्ध हो । सभी योग्य प्रतिभागी निर्धारित टोकन मनी जमा करके बोली में भाग ले सकते हैं; अतः आपसे निवेदन है कि नियत समय पर नवधन यार्ड ऊंज में पहुंचकर नीलामी प्रक्रिया में सहभाग करें।